निलंबित

समिति रासीलपुर व पटेरिया के सर्वेयरों की सेवाएं समाप्त

समिति प्रबंधक, केंद्र प्रभारी, चौकीदार निलंबित

चना,मसूर उपार्जन केंद्र कृषि साख सहकारी सेवा समिति मर्यादित का मामला

नवभारत हटा/दमोह. कलेक्टर दमोह प्रताप नारायण यादव के निर्देशन पर जिला स्तरीय कृषि विभाग व सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा 15 मई 2026 चना मसूर उपार्जन केंद्रों पर पर छापा मार कार्यवाही की गई थी, उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति पटेरिया केंद्र में मसूर नॉन एफए.क्यू. सतर की खरीदी पाई गई.इसके आधार पर सर्वेयर श्री करोड़ी यादव की सेवाएं समाप्त कर उपार्जन कार्य से पृथक किया गया है, वहीं उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति रसीलपुर में किसान सौरभ तिवारी,ग्राम हरद्वानी से चना उपार्जन में 170 रूपेय प्रति क्विंटल व 35 रूपये तुलाई के तथा मसूर में 150 रुपए प्रति क्विंटल व 35 रूपये जुलाई के अलग से लिए जाने की बात सामने आई किसान को मौके में बुलाकर कथन व पंचनामा तैयार किया गया था.कालेक्टर के निर्देशानुसार कृषि साख सहकारी सेवा समिति मर्यादित रसीलपुर के समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे, उपार्जन केंद्र प्रभारी आशुतोष (ज्ञानी) दुबे, चौकीदार शोभाराम पटैल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

पटेरिया उपार्जन केंद्र में निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितता

प्राथमिक कृषि सहकारी समिति पटेरिया द्वारा चना-मसूर उपार्जन कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सर्वेयर पद पर कार्यरत करौंदी यादव को तत्काल प्रभाव से सर्वेयर पद से पृथक कर दिया गया है। जिला उपार्जन समिति के निरीक्षण के दौरान सहायक उप संचालक एवं सहायक पंजीयक द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में उपार्जन केंद्र के तीन सैंपलों में से एक मसूर का सैंपल एनओएन एफएक्यू श्रेणी का पाया गया, जिसमें विजातीय तत्व निर्धारित सीमा 3 प्रतिशत से अधिक मिले। जारी आदेशानुसार यह कार्य उपार्जन नीति के विरुद्ध है, इसलिए संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से सर्वेयर पद से हटाने की कार्रवाई की गई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

नवभारत,दमोह .आयुष विभाग के सभी आयुष औषधालयों में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के गरिमामय और सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग दमोह द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयुष विभाग के निर्देशन में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी आयुष औषधालयों व जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में प्रतिदिन प्रात :कालीन विशेष योग सत्रों का आयोजन मई के बीच 21 मई से किया जा रहा है।आयुष विभाग मोबाइल में यूटयूब के माध्यम से प्रतिदिन योगाभ्यास का प्रसारण भी किया जा रहा है।

भीषण गर्मी में जल निगम की जल व्यवस्था ठप

ग्रामीण पानी को लाचार, भीषण गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ गई

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. सिंग्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सगोड़ी खुर्द में इन दिनों पेयजल संकट गहराता जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच गांव में जल निगम की जल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पानी की नियमित आपूर्ति नहीं होने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम द्वारा गांव में पाइपलाइन तो बिछा दी गई,लेकिन उसके बाद व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्थिति यह है कि कई दिनों तक नलों में पानी नहीं आता, जिससे लोगों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इससे प्रभावित ग्राम पंचायत चौरई, कलूमर, सिंग्रामपुर, सहसना, कोंडा कला, संगौड़ी खुर्द, पोड़ी मानगढ़, भजिया, सिंगपुर, गुबरा कला व अन्य कई ग्राम पंचायत सम्मिलित हैं,ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। गांव में पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ना ही फोन रिसीव करते हैं भीषण गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ गई है,लेकिन जल आपूर्ति ठप होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल व्यवस्था सुचारु कराई जाए,ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का किया भावपूर्ण वर्णन

कुम्हारी नवभारत 18 मई। ग्राम चीलघाट में परम पूज्य दद्दा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म के भावपूर्ण वर्णन का रसपान किया और पूरे परिसर में भक्ति का वातावरण बना रहा। कथा वाचक पंडित आदित्य प्रभाकर ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए हुआ था। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे तथा 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।

आईजी-डीआईजी एक ही वाहन से पहुंचे दमोह

बिना पायलट के कंट्रोल रूम पहुंच ली क्राइम बैठक

नवभारत,दमोह. सागर पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अतिरिक्त प्रभार मिथिलेश शुक्ला और डीआईजी सागर शशीन्द सिंह चौहान सोमवार दोपहर क्राइम समीक्षा बैठक लेने दमोह पहुंचे.दोनों वरिष्ठ अधिकारी एक ही वाहन में सवार होकर बिना पायलट के दमोह पहुंचे.आईजी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करते हुए कंट्रोल रूम को पूर्व में ही सूचना दे दी थी कि उनके और डीआईजी के लिए पायलट न लगाई जाए.पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग कर उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मितव्ययिता का संदेश दिया.कंट्रोल रूम पहुंचने पर पुलिस जवानों द्वारा आईजी को गार्ड ऑफऑनर दिया गया. इसके बाद जबलपुर नाका स्थित कंट्रोल रूम में क्राइम समीक्षा बैठक की.बैठक में जिले में लंबित अपराधों, कानून व्यवस्था और पुलिसिंग की समीक्षा कर एसडीओपी व थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए.बैठक में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस), एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, सीएसपी एचआर पांडे, एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, एसडीओपी देवी सिंह सहित जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी रहें.

आरईएस ईई अदिति ठाकुर को निवाड़ी-टीकमगढ़ का अतिरिक्त प्रभार

- टीकमगढ़ का कार्यभार संभाला
- कार्यशैली से प्रभावित होकर सौंपी जिम्मेदारी

नवभारत, दमोह. दमोह कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) ई.ई. श्रीमती अदिति एच. ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर विभागीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें दमोह के अलावा निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है.आज ई.ई. अदिति एच. ठाकुर ने टीकमगढ़ जिले का कार्यभार संभालकर कामकाज शुरू कर दिया है.बताया जा रहा है कि दमोह में उनके कार्यकाल के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व समय-सीमा में काम पूरा करने और पारदर्शी कार्यप्रणाली को लेकर वरिष्ठ स्तर पर सराहना की गई थी. इसी कार्यशैली को देखते हुए विभाग ने उन्हें दो और जिलों की जिम्मेदारी दी है. अब वे दमोह निवाड़ी व टीकमगढ़ तीन जिलों में आरईएस के कार्यों की निगरानी करेंगी. बताया जा रहा है कि शासन की मंशा के अनुरूप तीनों जिलों में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता को प्राथमिकता देंगी.

बांसा तारखेड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित

20 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित

नवभारत,दमोह. उप स्वास्थ्य केंद्र बांसा में कलेक्टर के निर्देशन व सीएमएचओ के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रश्मि सेन और शशि ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 20 से अधिक लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया.शिविर की शुरुआत उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी रश्मि सेन ने स्वयं रक्तदान कर की. उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को जागरूक किया.रक्तदान शिविर में सीबीएमओ डॉ. अमित मिश्रा, खंड चिकित्सा अधिकारी हिंडोरिया, बीओएम हेमंत शुक्ला, एमआई मलेरिया इंस्पेक्टर एलएल अहिरवाल, डीईओ आलोक राज,सेक्टर सुपरवाइजर राजेश पांडेय, एएनएम रश्मि सेन, एएनएम शशि ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के स्टाफका विशेष योगदान रहा.

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री शंभू विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष व समाजसेवी ऋषिराज सिंह परिहार, बजरंग दल से जगत यादव, जितेंद्र ठाकुर, संजय जैन, राघवेंद्र, सोमू पौराणिक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

वृद्धों के लिए विशेष सेवा और आशीर्वाद अभियान आज से शुरू

- 1664 वृद्धजनों की पेंशन होगी बहाल
- अधिकारियों-कर्मचारियों और आधार केंद्र प्रभारियों की अलग-अलग बैठक

नवभारत,दमोह. जिले में जनसुनवाई, वृद्ध आश्रम भ्रमण, ग्रामों में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे वृद्धजन सामने आए, जो पात्र होने के बावजूद भी समग्र ई-केवाईसी पूर्ण न होने के कारण पिछले 8-9 माह से वृद्धावस्था पेंशन से वंचित हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने वृद्धजनों की इस पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष अभियान सेवा और आशीर्वाद अभियान प्रारंभ किया है। उन्होने बताया कि जिले के आंकड़ों के विश्लेषण में पाया गया कि 1664 पात्र वृद्धजन केवल ई-केवाईसी लंबित होने के कारण पेंशन लाभ नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। वृद्धजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने तथा उन्हें कार्यालयों के चक्कर से मुक्त कराने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है।उन्होने बताया इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर नगरीय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर कैंप लगाए जाएगें। कैंप में आधार केंद्र प्रभारी, बायोमेट्रिक डिवाईस, आइरिस डिवाइस, बोरोलीन/बोरो प्लस जैसी क्रीम के साथ उपस्थित रहेंगे इनके साथ ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी, सामाजिक न्याय अधिकारी, आधार केंद्र प्रभारी उपस्थित रहेंगे। तैयार की गई पात्र जनों की सूची का प्रदर्शन संबंधित प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड में कराया जाएगा। कैंप आयोजन के दिनांक से 3 दिवस पूर्व ग्राम पंचायत के सभी गांवों में कोटवारों एवं नगरीय क्षेत्र में स्पीकर के माध्यम से अभियान के कैम्प दिनांक एवं स्थान की मुनादी कराई जाएगी।

वृद्ध से केवाईसी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा

रोजगार सहायक/सचिव/वार्ड प्रभारी द्वारा सूची में दर्ज प्रत्येक वृद्धजन को व्यक्तिगत रूप से अभियान की सूचना दी जाएगी और उनसे संपर्क कर कैम्प स्थल पर लाने की व्यवस्था की जावेगी। जो वृद्धजन स्वास्थ्य कारणों से कैंप तक आने में असमर्थ हैं, सचिव/रोजगार सहायक/वार्ड प्रभारी द्वारा आधार केंद्र प्रभारियों को उनके घर ले जाकर उनकी ई-केवाईसी पूर्ण कराई जाएगी।वृद्धजनों को 8-9 माह से पेंशन न मिलने के कारण यह भी हो सकता है कि वे ईकेवाईसी की फीस आधार केंद्र संचालक को देने में असमर्थ हो इसलिए जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वृद्धजन से केवाईसी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

श्री जागेश्वर नाथ लोक बांदकपुर धाम कॉरिडोर निर्माण कार्यों की समीक्षा की मांग

श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

नवभारत,दमोह. बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में निर्माणाधीन श्री जागेश्वर नाथ लोक को लेकर क्षेत्रवासियों व श्रद्धालुओं में उत्साह के साथ-साथ निर्माण कार्यों की प्रगति जानने की उत्सुकता भी बढ़ती जा रही है.इसी क्रम में श्री जागेश्वर नाथ धाम भक्त मंडल दमोह द्वारा कलेक्टर प्रताप नारायण यादव को पत्र सौंपकर निर्माण कार्यों के स्थलीय निरीक्षण व समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने की मांग की गई है. भक्त मंडल के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ का चित्र भेंट कर नवागत कलेक्टर का स्वागत भी किया..इस अवसर पर भक्त मंडल शंकर गौतम,कृष्णा पटेल, विनय असाटी, रामसेवक लोधी सहित भक्तों की मौजूदगी रही.

एक नजर में

पुरुषोत्तम मास के प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत,दमोह .श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर में पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ .कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग के मुखारबिंद से कथा का वाचन किया जा रहा है .मुख्य कथा श्रोता डॉ .केदारनाथ शर्मा जी हैं .कलश यात्रा से पूर्व आचार्य पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन संपन्न हुआ .इसके बाद श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना से कलश यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा टॉकीज चौराहा,बकौली चौक, घंटाघर,बूढ़ाबहु मंदिर होते हुए कथा स्थल श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर पहुंची .कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए . पारंपरिक पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं और भक्त सिर पर कलश रखकर गाजे-बाजे व जयकारों के साथ चले .कथा स्थल पहुंचकर पूजन-अर्चन के साथ घट स्थापना की गई .प्रथम दिवस कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास अत्यंत पुण्यकारी और मांगलिक माना जाता है।

श्री राधा नाम संकीर्तन के बिना भगवान श्रीकृष्ण का मिलना संभव नहीं है : रवि शास्त्री

नवभारत,दमोह .स्थानीय शैण्डेय बजरिया स्थित श्रीपाद शैण्डेय जी के निवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत मूल पाठ के द्वितीय दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने लगातार एक आसन पर बैठकर के प्रात: 8रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक लगातार श्रीमद् भागवत के संस्कृत श्लोको का पाठ किया एवं पाठ के उपरांत भगवान श्री राधा कृष्ण के प्रेम के संबंध में कथा सुनाते हुए कहा कि श्री राधा जी के भजन के बिना भगवान श्री कृष्ण का मिलना संभव नहीं है इसलिए हम सभी के लिए राधा नाम का नित्य संकीर्तन करना चाहिए श्री शास्त्री ने श्री राधा जी एवं भगवान श्री कृष्ण के अलौकिक दिव्य प्रेम की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार भगवान कृष्ण एकान्त में राधा राधा पुकारते हुए भावविभोर हो जाते हैं उन्हें इस अवस्था में देखकर माता रुक्मिणी के मन में श्री राधाजी के दर्शन की इच्छा जागृत होती है वे प्रभु से प्रार्थना करती हैं कि वे उस स्वरूप के दर्शन करना चाहती हैं।

राज्यमंत्री ने केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त से भेंट कर पथरिया में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति पर चर्चा की

नवभारत,पथरिया/दमोह। नई दिल्ली में प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त विकास गुप्ता से भेंट कर पथरिया में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने राज्यमंत्री श्री पटेल का अवगत कराया कि स्वीकृति हेतु अपेक्षित सभी प्रशासनिक व तकनीकी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्ताव सकारात्मक रूप से प्रक्रियाधीन हैं।

ट्रैक्टर पलटा, दो गंभीर घायल जबलपुर रेफर डंपर की टक्कर से हादसा, सड़क पर बिखरा गेहूं

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत नगर से दो किलोमीटर दूर नारगुवां टेक पर गेहूं से भरा ट्रैक्टर सोमवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में चालक सहित दो लोगों को गंभीर चोट आई है.घायल मनोज पाल ने बताया कि वह रिचकुड़ी महगुवां से गेहूं लेकर खरीदी केंद्र तेंदूखेड़ा आ रहे थे. तभी तेज गति से आ रहे डंपर चालक ने ओवरटेक करते हुए कट मारा, जिससे घबराहट में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया.हादसे में मनोज के बेटे धर्मेंद्र पाल और कल्लू यादव पिता हल्ले यादव को गंभीर चोट आई.चालक के चेहरे पर चोट लगने से डॉक्टर ने दस टांके लगाए.वहीं धर्मेंद्र और कल्लू की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया.हादसे में ट्रैक्टर पर लदे गेहूं के बोरे सड़क पर फैल गए.कई बोरे फटने से गेहूं सड़क पर बिखर गया.

हटा-पटेरा मार्ग पर सड़क हादसा, बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

पेशी से लौटते समय हुआ हादसा,पुलिस जांच में जुटी

नवभारत,हटा/दमोह. हटा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत हो गई.सोमवार दोपहर हादसा हटा-पटेरा मार्ग पर कुआंखेड़ा मझगुआ के पास हुआ.सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल हटा लाया गया. जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.मृतकों की पहचान हेमराज पिता गणेश अहिरवार (50 वर्ष) व उनकी पत्नी खिलौना अहिरवार (45 वर्ष) निवासी हरपालपुरा, पटेरा के रूप में हुई है.बताया गया कि दोनों पति-पत्नी किसी मामले की पेशी के सिलसिले में हटा आए थे और पेशी के बाद बाइक से वापस गांव लौट रहे थे.इसी दौरान मझगुआ-पटेरा रोड पर अज्ञात कारणों से उनका एक्सीडेंट हो गया.दोनों सड़क किनारे बाइक सहित घायल अवस्था में पड़े मिले.सूचना पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. मृतकों के पुत्र राकेश ने बताया कि माता-पिता पेशी के लिए हटा आए थे और वापसी के दौरान हादसे की सूचना मिली.फिलहाल हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. हटा थाना पुलिस ने मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

सुधार कार्य

सूचना पर फॉल्ट तुरंत दुरुस्त, बारिश के मौसम में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल रही

देर रात हो या कड़ी धूप पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहे बिजली कर्मचारी

नवभारत,दमोह. जिला मुख्यालय दमोह सहित समूचे जिले में अनवरत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत कर्मी देर रात हो,चिलचिलाती धूप में भी पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहे हैं.यद्यपि जिले में किसी भी प्रकार की शेड्यूल विद्युत कटौती नहीं की जा रही है,तदापि फाल्ट को सुधारने के लिए 10-20 मिनट के लिए आवश्यकतानुसार बिजली बंद करने की मजबूरी हो जाती है. कम से कम समय में फाल्ट दुरुस्त करने के लिए अतिरिक्त टीम व संसाधन जुटाए गए हैं.इसके साथ ही प्रतिदिन शहर के 8-10 ट्रांसफार्मरों का लोड चेक किया जा रहा है. ट्रांसफार्मर के तीनों फेज का लोड चेक कर कम-ज्यादा होने पर उस फेज में एलटी लाइनों पर लोड बैलेंस किया जाता है. इससे फ्यूज उड़ने और केबल जलने जैसी घटनाओं में कमी आती है.

ग्रुप से मिल रही फॉल्ट की तुरंत सूचना

विभाग द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये विद्युत विभाग को फाल्ट की सटीक जानकारी तुरंत मिल जाती है .व्यक्तिगत रूप से बिजली की शिकायत हो या सामूहिक,हर कोई अपनी समस्या ग्रुप में डालता है और दूरी के हिसाब से बमुश्किल 10 से 15 मिनट में ही सुधार कार्य शुरू कर दिया जाता है. विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अनावश्यक शिकायतों से बचें ताकि वास्तविक फाल्ट पर त्वरित कार्रवाई हो सके .

वर्षा पूर्व लाइनों का मेंटेनेंस कार्य पूर्णता की ओर शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा

शहर के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग दमोह द्वारा वर्षा पूर्व विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस कार्य तेजी से किया जा रहा है .दमोह शहर के अंतर्गत कुल 06 नग 33 केवी लाइन विद्यमान हैं इनमें से 33 केवी इमलाई,33केवी बीएसएनएल, 33 केवी पीजीसीआईएल, 33 केवी जबलपुर नाका व 33 केवी हटा लाइन का 100 प्रतिशत मेंटेनेंस कार्य पूर्ण कर लिया गया है .वहीं 33 केवी टाउन लाइन का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है .इसी प्रकार शहर के अंतर्गत 33/11 केवी के 06 विद्युत उपकेंद्र क्रियाशील हैं,जिनसे 11 केवी के कुल 19 फीडर निर्गमित हैं .इन 19 फीडरों में से किलाई नाका व जबलपुर नाका उपकेंद्रों के अंतर्गत सभी 4-4 फीडर, सीबाबावरी उपकेंद्र के अंतर्गत सभी 5 फीडरों का मेंटेनेंस कार्य पूर्ण कर लिया गया है .मुश्कीबाबा उपकेंद्र से निर्गमित सभी 02 फीडर तथा दमयंतीपुरम उपकेंद्र के सभी 03 फीडरों का मेंटेनेंस कार्य भी पूरा हो गया है . किलाई विलेज उपकेंद्र के अंतर्गत 01 नग फीडर टी1बी का कार्य भी अंतिम चरण में है .ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्षा से पहले सभी लाइनों का मेंटेनेंस पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि बारिश के मौसम में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सके .

रात्रि में अवैध गांजा तस्करी करते महिला-पुरुष गिरफ्तार

नवभारत,हटा/दमोह .पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी (आईपीएस) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) हटा सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में गैसाबाद थाना प्रभारी सौरभ शर्मा सहित पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है .18 मई की रात्रि में सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर सवार एक पुरुष व एक महिला अवैध रूप से गांजा तस्करी कर रहे हैं . सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु थाना गैसाबाद पुलिस टीम ने क्षेत्रान्तर्गत नकटी तिराहा, हटा-पत्रा रोड पर बल्ब के उजाले में घेराबंदी की .मुखबिर के बताए अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्धों को रोककर पूछताछ की .